# University in News on 23 April 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : यूजी ऑनर्स में भी लागू होगा एनईपी

माई सिटी रिपोर्टर

### वीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया निर्णय

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एक तरफ जहां स्नातक स्तर पर नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) को लागू करने की कवायद कर रहा है। वहीं इसके साथ ही वह यूजी ओनर्स के कोर्स में भी इसको प्रभावी बनाने की तैयारी में जुटने जा रहा है। शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कॉमन मिनिमम सिलेबस पर काम करने के लिए बनाई गई 5 सदस्यीय समिति के साथ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय अपने ऑनर्स पाठ्यक्रमों को भी प्रदेश सरकार के निर्देश और नई शिक्षा नीति के अनुसार नवीनीकृत करने पर विचार कर रहा है।

ऑनर्स पाठ्यक्रम हमेशा से छात्रों में लोकप्रिय रहा है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय अपने सभी स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों को अन्य कोर्स के साथ-साथ ऑनर्स के विकल्प को भी प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश सरकार के प्रस्तावित कॉमन मिनिमम सिलेबस के अनुसार विश्वविद्यालय ने ऑनर्स प्रोग्राम के लिए भी अपना पाठ्यक्रम तैयार करना शुरू कर दिया है। बता दें कि विश्वविद्यालय पीजी पाठ्यक्रम में एनईपी को लागू कर चुका है। विश्वविद्यालय के परास्नातक के छात्र अब फ्लैक्सिबल एंट्री और एक्जिट, विभिन्न अंतर विभागीय कोर्स, इंटर्नशिप आदि का लाभ ले रहे है।

## HINDUSTAN PAGE 6

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की बैठक में स्नातक पाठ्यक्रम संबंधी कई बिंदुओं पर विमर्श हुआ

# नई शिक्षा नीति के अनुरूप बनेगा स्नातक कोर्स

लखनऊ विवि

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक कोर्सों के बाद अब अपने स्नातक कोर्सों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। इसमें नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश ने बताया कि जिस तरह से परास्नातक के छात्र अब फ्लेक्सिबल एंट्री और एक्जिट, विभिन्न अंतः और अंतर विभागीय कोर्स, इंटर्नशिप आदि का फायदा



उठा सकते हैं। स्नातक के छात्र भी नई शिक्षा नीति का फायदा उठा पाएंगे।

इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने स्नातक छात्रों के हित के लिए भी नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं को स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित कॉमन मिनिमम सिलेबस पर सोच विचार करने के लिए बनाई गई 5 सदस्यीय समिति के साथ कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की बैठक में स्नातक पाठ्यक्रम संबंधी कई बिंदुओं पर विमर्श हुआ। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम स्नातक पास कोर्स के लिए है।

### विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर ऑनर्स कोर्स

प्रदेश में स्नातक स्तर पर ऑनर्स पाठ्यक्रम चलाने वाला एक मात्र विश्वविद्यालय है लखनऊ विश्वविद्यालय। इस नाते एलयू अपने ऑनर्स पाठ्यक्रमों को भी प्रदेश सरकार के निर्देश और नई शिक्षा नीति के अनुसार नवीनीकृत करने पर विचार कर रहा है। प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि ऑनर्स पाठ्यक्रम हमेशा से विश्वविद्यालय के छात्रों में लोकप्रिय रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों को पास कोर्स के साथ-साथ ऑनर्स का विकल्प देने का प्रयास भी कर रहा है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप और प्रदेश सरकार के प्रस्तावित कॉमन मिनिमम सिलेबस की संरचना के आधार पर विश्वविद्यालय ने ऑनर्स प्रोग्राम के लिए भी पाठ्यक्रम तैयार करना शुरू कर दिया है।

## FIRST INDIA PAGE 3

# LU implements new Edu policy

First India Bureau

**Lucknow:** The Lucknow University is the first university in the country to implement the new education policy brought by the Government of India with a view to improve the education system of the entire country.

Under the new education policy, the Masters Course has been completely renovated. Students of the masters course can now take advantage of flexible entry and exit, various inter and interdepartmental courses, internships etc.



Lucknow University. —FILE PHOTO

Lucknow University has also started the process of incorporating all aspects of the new education policy into the graduate curriculum for students.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# नयी शिक्षा नीति के अनुरूप बनेंगे स्नातक पाठ्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता(vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक कोर्सों के बाद अब अपने स्नातक कोर्सों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। इसमें नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश ने बताया कि जिस तरह से परास्नातक के छात्र अब फ्लैक्सिबल एंट्री और एक्जिटए विभिन्न अंतरू और अंतर विभागीय कोर्सए इंटर्नशिप आदि का फायदा उठा सकते हैं। स्नातक के छात्र भी नई शिक्षा नीति का फायदा उठा पाएंगे। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने स्नातक छात्रों के हित के लिए भी नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं को स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित कॉमन मिनिमम सिलेबस पर सोच विचार करने के लिए बनाई गई 5 सदस्यीय समिति के साथ कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की बैठक में स्नातक पाठ्यक्रम संबंधी कई बिंदुओं पर विमर्श हुआ। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम स्नातक पास कोर्स के लिए है।